आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 24.10.2024
समय 1830

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जिले के किनसुर बागी में तीन दिवसीय नयार उत्सव–2024 का उदघाटन किया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्पित एक हज़ार करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंजूरी दी।
- भराडीसैंण में अंतरराष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध और प्रशिक्षण संस्थान खुलेगा।
- चमोली जिले के आदिबदरी, खेती और थापली गांवों को मशरूम उत्पादन के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा।

नयार महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड का हर स्थान एक नया पर्यटन स्थल है और सरकार राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री पौड़ी गढ़वाल में यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत किनसुर बागी में आयोजित तीन दिवसीय नयार उत्सव के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे।

श्री धामी ने कहा कि नयार उत्सव–2024 के आयोजन से किनसुर बागी को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी, वहीं क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों से व्यापारिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास होगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर महाशीर प्रजाति की मछली के सीड्स का प्रवाह और राफ्टिंग दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

घोषणा

पौड़ी जिले में देवप्रयाग–सतपुली मोटर मार्ग और देवप्रयाग–बुआखाल को राष्ट्रीय राजमार्ग के रुप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पौड़ी जिले में आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने नांद नदी सड़क का 6 किलोमीटर का निर्माण, यमकेश्वर के अंतर्गत लक्ष्मण झूला क्षेत्र में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति, यमकेश्वर क्ष्में पशुलोक मोटर मार्ग पर गंगा भोगपुर के निकट बीन नदी डबल लेन आरसीसी पुल का निर्माण करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि द्वारीखाल के जाखणीखाल–ढंडोली मोटर मार्ग का डामरीकरण और यमकेश्वर क्षेत्र में जमीन उपलब्ध होने पर डिग्री कॉलेज की स्थापना भी की जाएगी।

केंद्रीय मंत्रिमण्डल निर्णय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्पित एक हज़ार करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित वेंचर कैपिटल फंड की तैनाती अवधि फंड संचालन की वास्तविक तिथि से पांच साल तक की होगी। निवेश के अवसरों और फंड की आवश्यकताओं के आधार पर औसत तैनाती राशि प्रति वर्ष 150 से 250 करोड़ रुपये हो सकती है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह फंड भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को आगे बढ़ाने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने और नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किया गया है।

## डीएपी पर भ्रामक खबरें

केंद्र सरकार ने देश में डायमोनियम फॉस्फेट– डीएपी उर्वरक की कमी से संबंधित मीडिया खबरों को खारिज करते हुए कहा है कि ये भ्रामक और तथ्यात्मक स्थिति से परे हैं।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि डीएपी पर सब्सिडी बिल्कुल भी कम नहीं की गई है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत कोविड के समय से ही एक हजार 350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग रखी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी वर्ष 2024 के लिए डीएपी की सब्सिडी में वृद्धि का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा रबी 2024–2025 के लिए कुल बजटीय आवंटन बढ़ाकर 24 हजार 475 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि कई भू–राजनीतिक कारकों से डीएपी की उपलब्धता कुछ हद तक प्रभावित हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय संसदीय अध्ययन संस्थान स्थापना

प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराडीसैंण, गैरसैंण में अंतरराष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध व प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य बेहतर लोकतांत्रिक नीति निर्माण को शोध के माध्यम से बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से संसदीय लोकतंत्र के विकास में योगदान देने वाले विभिन्न पहलुओं की गहनता से समीक्षा की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह संस्थान विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करेगा ताकि प्रतिभागियों को संसदीय कार्य प्रणाली और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक किया जा सके। भविष्य में इस संस्थान की ओर से अन्य देशों के संसदीय संस्थानों के साथ साझा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस संस्थान की स्थापना से न केवल गैरसैंण क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि इससे स्थानीय आर्थिकी भी मजबूत होगी।

## मशरूम उत्पादन

चमोली जिले के गैरसैंण विकासखण्ड के आदिबदरी, खेती और थापली गांवों को मशरूम उत्पादन के मॉडल के रूप में विकसित करने की कवायद शुरु हो गई है। इन गांवों में कृषि और उद्यान विभाग की ओर से जहां गांवों में मशरूम शेड का निर्माण शुरु कर दिया गया है, वहीं काश्तकारों को कम्पोस्ट वितरण के साथ ही क्षेत्र के 10 काश्तकारों को प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार भेजा गया है। योजना का उद्देश्य जिले में मशरूम उत्पादन बढाना और प्रशिक्षण के लिये बाहरी क्षेत्रों पर निर्भरता कम करना है।

मुख्य कृषि अधिकारी जय प्रकाश तिवाड़ी ने बताया कि जिला योजना और मनरेगा के सहयोग से गांवों में एक स्वयं सहायता समूह और 28 काश्तकारों के साथ योजना का क्रियान्वयन शुरु किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जिले में एक महिला स्वयं सहायता समूह और 20 काश्तकारों के साथ संचालित योजना से जिले में 30 कुंतल मशरूम का उत्पादन किया गया था। ऐसे में गैरसैंण क्षेत्र में शुरु की गई योजना के बाद जिले में मशरूम का उत्पादन बढ़कर 45 से पचास कुंतल होने की आशा है।

## सीमा सड़क संगठन

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क निर्माण कार्यों से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को भूमि अधिग्रहण, वन भूमि हस्तांतरण और मुआवजा वितरण से जुड़े मामलों का त्वरित निस्तारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सिमली–ग्वालदम सड़क चौडीकरण में जिन लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है, उनकी सूची बीआरओ को भी उपलब्ध कराई जाए।

बैठक

खेल मंत्री रेखा आर्य ने प्रदेश के लिए प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में बनने वाले गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान खेल मंत्री ने अधिकारियों को खेल विश्व विद्यालय के निर्माण के लिए जमीन को लेकर आ रही समस्याओं का समाधान करने को कहा।

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के तीसरे दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि आज दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। अब तक 5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है।

उधर, केदारनाथ विधान सभा उप चुनाव को लेकर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

जल जीवन मिशन

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में शेष 14 हजार 4 सौ 60 घरों तक जल्द घरेलू नल कनेक्शन पहुंचाने को कहा है। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्थान में खोदी गई सड़कों को भी शीघ्रता से ठीक करने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को आवाजाही करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

आई.टी.बी.पी स्थापना दिवस

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस–आईटीबीपी का स्थापना दिवस आज मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर हिमवीरों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आईटीबीपी के जवान सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों और कठिन जलवायु परिस्थितियों में लोगों की रक्षा के लिए वीरता और समर्पण के प्रतीक के रूप में तैनात हैं। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं और बचाव कार्यों के दौरान बल के जवानों के गौरवपूर्ण तथा प्रेरक प्रयासों की भी सराहना की।

आईटी लैब

देहरादून के राजकीय इंटर कालेज किशनपुर में अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी आईटी लैब का शुभारंभ किया गया। एक कोरियन कंपनी के सहयोग से इस लैब का निर्माण किया गया है। यह कंपनी स्कूल में एक अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब भी बनाएगी।